**दिनांक 17.07.2026 को वरीय प्रभारी पदाधिकारी, वेजफेड की अध्यक्षता में सभी सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सभी उपमुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिलें में कार्यभारित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों की VC के माध्यम से संपन्न समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति :-

1. श्री मिथिलेश कुमार, वरीय प्रभारी पदाधिकारी, वेजफेड |
2. श्री राकेश कुमार, सहायक निबंधक, स० स० (अ.र.), बिहार, पटना |
3. श्री सफ़दर रहमान, राज्य प्रबंधक(HR&Adm) |
4. सुश्री आकांक्षा वर्मा, राज्य प्रबंधक (प्रशिक्षण)
5. श्री विवेक श्रीवास्तव, राज्य प्रबंधक (पणन) |
6. श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड

सर्वप्रथम वरीय प्रभारी पदाधिकारी, वेजफेड द्वारा सभी संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी | इस क्रम में बताया गया कि वेजफेड अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा मुख्य सचिव, बिहार की आगामी बैठक में की जानी है | इस हेतु सभी अधिसंरचना निर्माण को ससमय पूर्ण कराया जाय |

**बैठक के मुख्य बिंदु :-**

**1.आधारभूत संरचना निर्माण की समीक्षा :-**

**तिरहुत सब्जी संघ** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 36 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 25 में कार्य प्रारंभ एवं 11 में संरचना पूर्ण है |

**सारण सब्जी संघ** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 04 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 02 में कार्य प्रारंभ है | संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तिरहुत सब्जी संघ से अलग होने के बाद सारण संघ में आने वाले PVCS की राशि अभी तिरहुत संघ से नहीं मिली है | तिरहुत संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सारण संघ को राशि हस्तांतरण हेतु नियमानुसार आवश्यक की जाय |

**हरित सब्जी संघ** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 35 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 27 में कार्य प्रारंभ है एवं 03 में संरचना पूर्ण है | बैठक में उपस्थित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, श्री श्वेताभ वर्मा द्वारा बताया गया कि 08 PVCS में निर्माण कार्य लगभग पूर्ण केवल कोल्ड स्टोरेज नहीं लगा है | इसे जल्द ही पूर्ण करा लिया जायेगा |

**मिथिला सब्जी संघ** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 16 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 10 में कार्य प्रारंभ एवं 06 में संरचना पूर्ण है | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 05 PVCS जो अभी अवक्रमित है, में संरचना पूर्ण होने वाला है |

**मगध सब्जी संघ** –समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 12 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 10 में कार्य प्रारंभ है | बताया गया कि 10 PVCS में संरचना लगभग पूर्ण है, 08 में कोल्ड स्टोरेज

Scanned with OKEN Scanner

लगना शेष है | साथ ही यह भी बताया गया कि राशि की समस्या है | निदेश दिया गया कि जिन PVCS में राशि की समस्या है वहां से उपयोगिता प्रमाण पत्र से साथ नियमानुसार प्रस्ताव वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय ताकि राशि उपलब्ध करायी जा सके |

**<u>मुंगेर सब्जी संघ</u>** –समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 05 PVCS में आधारभूत संरचना स्वीकृत है जिसमे से 03 ले- आउट हुआ है | इस सम्बन्ध में उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुंगेर द्वारा बताया गया कि जिन 03 PVCS में ले-आउट हुआ है वहां भूमि सम्बन्धी विवाद है इस हेतु जिला पदाधिकारी महोदय से पत्राचार किया गया है ताकि नई जगह भूमि चिन्हित किया जा रहा है | निदेश दिया गया कि यथा शीघ्र इस समस्या का समाधान कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाय |

**2.प्याज भण्डारण हेतु गोदाम निर्माण की समीक्षा :-**

**<u>तिरहुत सब्जी संघ</u>** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 24 PVCS में प्याज भण्डारण योजना स्वीकृत है जिसमे से 20 में कार्य प्रारंभ एवं 03 में संरचना पूर्ण है |

**<u>सारण सब्जी संघ</u>** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 01 PVCS में प्याज भण्डारण योजना स्वीकृत है जिसे पूर्ण करा लिया गया है ||

**<u>हरित सब्जी संघ</u>** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 29 PVCS में प्याज भण्डारण योजना स्वीकृत है जिसमे से 15 में कार्य प्रारंभ एवं 03 में संरचना पूर्ण है | बैठक में उपस्थित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हरनौत, सिंघिया PVCS में भूमि सम्बन्धी समस्या है तथा ताजपुर PVCS में संरचना पूर्ण होने वाला है |

**<u>मिथिला सब्जी संघ</u>** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत कुल 05 PVCS में प्याज भण्डारण योजना स्वीकृत है जिसमे से 01 में कार्य प्रारंभ एवं 03 में संरचना पूर्ण है | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 03 में संरचना पूर्ण होने वाला है |

**3.तरकारी आउटलेट :-**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि तिरहुत सब्जी संघ अंतर्गत अरेराज PVCS में निर्माण कार्य पूर्ण है तथा 18 PVCS में कार्य प्रारंभ है | मिथिला सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शंकरपुर PVCS में इस सप्ताह में संरचना निर्माण पूर्ण हो जायेगा तथा 06 PVCS में निर्माण कार्य प्रारंभ है | हरित सब्जी संघ के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी श्री श्वेताभ वर्मा द्वारा बताया गया कि 02 PVCS में निर्माण कार्य प्रारंभ है |

**4.**सभी सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे सप्ताह में कम से कम दो या तीन दिन समय देकर सारी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराया जाय | जिन PVCS में निर्माण कार्य प्रगति पर है उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय | जिलावार उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों की समीक्षा कर इस सम्बन्ध में यदि कोई समस्या हो तो उसके समाधान हेतु अविलम्ब आवश्यक कार्रवाई की जाय |

**5.**जिन PVCS में संरचना निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है वहाँ व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं सम्बंधित जिले के उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा व्यवसाय कार्य प्रारंभ कराया जाय |

**6.**सहकारिता विभाग, बिहार सरकार द्वारा जिले में वेजफेड के कार्यों के पर्यवेक्षण / अनुस्रवण हेतु कार्यभारित किया गया है | समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अभी तक वेजफेड के कार्यों

Scanned with OKEN Scanner

का पर्यवेक्षण / अनुस्रवण नहीं किया जा रहा है | उन्हें यथा शीघ्र योगदान कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय | इस सम्बन्ध में अगर कोई समस्या हो तो अवगत कराया जाय |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया |

17/07/26

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड,बिहार, पटना |

ज्ञापांक 928 दिनांक 17/07/26

प्रतिलिपि:- 1. सचिव, सहकारिता विभाग, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

2.अध्यक्ष / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित/तिरहुत/मिथिला/मगध/भागलपुर/मुंगेर/सारण एवं शाहाबाद सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

3.सभी सम्बंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

4.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

5.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को वेजफेड की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें |

6.श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

17/07/26

वरीय प्रभारी पदाधिकारी
वेजफेड,बिहार, पटना |

Scanned with OKEN Scanner